## खास-खबरें

### एमजीएम इंदौर में नवीन चिकित्सालय भवन से स्वास्थ्य सेवाएँ सुदृढ़



**भोपाल:** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर में प्रस्तावित नवीन अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा हुई। श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रस्तावित भवन में लगभग 1450 बिस्तरों की व्यवस्था होगी, जिसमें मेडिसिन, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स, मातृत्व, नेत्र, त्वचा, ईएनटी और आकस्मिक चिकित्सा विभाग शामिल होंगे। 200 बिस्तरीय आईसीयू, 16 मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, आधुनिक रेडियोलॉजी, सेंट्रल लैब और ब्लड बैंक जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ भी होंगी। साथ ही 210 बिस्तरीय आकस्मिक चिकित्सा विभाग, 550 बिस्तरीय छात्रावास, मिनी ऑडिटोरियम, अध्ययन क्षेत्र और प्रयोगशालाएँ विकसित की जाएंगी।

### मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड रत्न स्व. अम्बिका प्रसाद दिव्य की जयंती पर किया नमन

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड के रत्न, प्रतिष्ठित काव्यकार, नाटककार, निबन्ध लेखक एवं उपन्यासकार श्री अम्बिका प्रसाद 'दिव्य' की जयंती पर उन्हें विनम्रतापूर्वक नमन कर श्रद्धांजलि दी है। डॉ. यादव ने स्व. अम्बिका प्रसाद 'दिव्य' का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कृतियों 'बेल कली', 'पन्ना नरेश अमान सिंह', 'जय दुर्ग का रंगमहल', 'बुंदेलखंड का महाभारत' की पृष्ठभूमि में बुंदेलखंड का जनजीवन ही है।

### मल्हारराव होल्कर की जयंती पर किया नमन

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होल्कर वंश के संस्थापक, मालवा के गौरव, मल्हारराव होल्कर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदम्य साहस और पराक्रम से श्री मल्हारराव होल्कर ने मराठा साम्राज्य के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### माथुर सभा का होली मिलन समारोह संपन्न



**भोपाल:** माथुर सभा, भोपाल द्वारा रविवार रात ग्यारह सौ क्वार्टर स्थित चित्रगुप्त मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभा के अध्यक्ष अनिल माथुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती के साथ की गई। समारोह में पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। इसके साथ ही रंगारंग माहौल में नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनका सभी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेलकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया। समारोह में समाज के कई सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने दी राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की बधाई

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की हार्दिक बधाई दी है। डॉ. यादव ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध देश का आधार है। इसमें टीकाकरण की अहम भूमिका है। माताओं और शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण से देश का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में शामिल समस्त टीम और संस्थाओं को भी राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### सुभद्रा वर्मा को नम आंखों से अंतिम विदाई

**भोपाल:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा वर्मा को सोमवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार इंदौर के रीजनल पार्क मुक्तिधाम (पिपलिया पाला) में किया गया। इस दौरान उनके पुत्र पवन वर्मा ने मुखाग्नि देकर अपनी माता को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी भी शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अंतिम संस्कार में इंदौर, देवास, उज्जैन, धार, भोपाल सहित विभिन्न जिलों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और नम आंखों से सुभद्रा वर्मा को श्रद्धांजलि दी।



### इंदिरा भवन में कांग्रेस नेताओं की बैठक, संगठन मजबूत करने पर चर्चा

**भोपाल:** इंदिरा भवन, नई दिल्ली में सोमवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठनात्मक मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य मीनाक्षी नटराजन और वरिष्ठ नेता कमलेश्वर पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान मध्यप्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विचार-विमर्श किया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी नेता और कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। नेताओं ने कहा कि पार्टी आगामी समय में जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच मजबूती से पहुंचेगी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास जारी रहेंगे।

# प्रत्येक विस क्षेत्र में किसान सम्मेलन होंगे: डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में सभी विभाग मिलकर कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कृषि सम्मेलन आयोजित होंगे, जिसके लिए कृषि विभाग प्रति क्षेत्र 5 लाख रुपए उपलब्ध कराएगा। लघु किसानों को उन्नत खेती के लिए कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध कराए जाएंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित कृषि अभिमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन और पशुपालन में व्यापक संभावनाएं हैं। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध संकलन 25 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर हो गया है। दूध का मूल्य भी बढ़ाया गया है, जिससे सीधे दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने किसानों को सौर बिजली उत्पादन योजनाओं का लाभ उठाने, लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने और कृषि ग्राम विकसित करने का आह्वान किया। विधानसभा क्षेत्र में श्रेष्ठ कृषि ग्रामों को विधायक ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। कार्यशाला में जैविक खेती, उद्यानिकी, मोटे अनाज से आइसक्रीम निर्माण, केज कल्चर, मत्स्य पालन और नवकरणीय ऊर्जा जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। कृषि सचिव ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को कृषक कल्याण वर्ष का शुभारंभ किया गया और प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री, लैंड रजिस्ट्री और फसल रजिस्ट्री के माध्यम से डेटा प्रबंधन किया जा रहा है।

औद्योगिक नीति विभाग ने बताया कि मध्यप्रदेश मसाले और दलहन उत्पादन में अग्रणी है, साथ ही दूध, फल-सब्जी एवं फूलों के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। खाद्य प्रसंस्करण और मसाला उत्पादन में पिछले दो साल में 20,000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। कृषि आधारित स्टार्ट-अप की संख्या अब 600 तक पहुंच गई है। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग ने केज कल्चर योजना और मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के तहत 100 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान बताया। सहकारिता विभाग शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण वितरण के लिए 25,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य रख रहा है। ऊर्जा विभाग के तहत एक हेक्टेयर तक भूमि वाले अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को पांच हार्सपावर तक के पंप मुफ्त विद्युत प्रदाय किए जाएंगे। उद्यानिकी विभाग ने कहा कि फल, सब्जी, मसाला, पुष्प और औषधीय फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के साथ मखाना खेती को चार जिलों से पूरे प्रदेश में बढ़ाया जाएगा। इस तरह, कृषक कल्याण वर्ष 2026 प्रदेश में कृषि विकास और किसानों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग का वितरण आज



**भोपाल:** भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा कल मंगलवार को दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग का वितरण ओर प्रत्यारोपण प्रात: 10 बजे से 5 बजे तक मानस भवन श्यामला हिल्स में होगा। भोपाल उत्सव मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया विगत 15 एवं 16 जनवरी 2026 को शिविर में भोपाल उत्सव मेला समिति ,रत्ना निधि चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई, रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के तत्वाधान में शिविर में जिन दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग के नाप लिए गए थे, उन दिव्यांगजनो को वितरण कर प्रत्यारोपित किये जायेंगे।

# कालाबाजारी पर कार्रवाई, 1116 स्थानों से 1825 सिलेंडर जब्त

### डिजिटल माध्यम से करें गैस बुकिंग, आपूर्ति पर्याप्त :शमी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने सोमवार को मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों और ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पेट्रोल, डीजल, पीएनजी, सीएनजी और घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने सिलेंडर वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप और आईवीआरएस कॉल के माध्यम से गैस बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर जाने से बचें। उन्होंने बताया कि रविवार 15 मार्च को अवकाश के बावजूद तीनों गैस कंपनियों ने करीब 1.20 लाख घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए।

बैठक में गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी के खिलाफ 1116 स्थानों पर कार्रवाई कर 1825 सिलेंडर जब्त किए गए हैं और 8 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी और घरेलू गैस की आपूर्ति की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर छह सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही गैस बुकिंग कराएं।

# नापतौल विभाग को साइनाइड गैस से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में धमकी भरे ई-मेल का एक और मामला सामने आया है। सोमवार को नापतौल विभाग के एमपी नगर स्थित कार्यालय को साइनाइड गैस से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली, लेकिन जांच में कोई संदिग्ध वस्तु या सिलेंडर नहीं मिला। सोमवार सुबह करीब 9 बजे विभाग की ई-मेल आईडी पर एक धमकी भरा मेल आया। इसमें लिखा था कि नापतौल विभाग के कार्यालय में साइनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रखे गए हैं, जो दोपहर करीब 1 बजे फट जाएंगे। मेल में यह भी लिखा गया था कि दोपहर 12:10 बजे तक कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों को वहां से हटा लिया जाए। धमकी मिलते ही विभाग में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और एहतियात के तौर पर पूरे कार्यालय भवन को खाली करा लिया गया। कर्मचारी दफ्तर से बाहर निकल आए और काफी देर तक परिसर के बाहर बैठे रहे।

डॉग स्क्वॉड की मदद से कार्यालय के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई, लेकिन कहीं भी कोई सिलेंडर या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच के बाद पुलिस ने इस धमकी को फिलहाल फर्जी माना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार धमकी भरे ई-मेल की साइबर सेल के माध्यम से जांच की जा रही है।

# कैरियर कॉलेज में अत्याधुनिक कैंसर ब्लॉक का शुभारंभ




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी स्थित कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (सीआईएमएस) में सोमवार को अत्याधुनिक कैंसर ब्लॉक का शुभारंभ किया गया। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैंसर उपचार के लिए विश्वस्तरीय एलेक्टा हार्मनी (स्वीडन) रेडिएशन मशीन का भी लोकार्पण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कैरियर कॉलेज के चेयरमैन मनीष रजोरिया ने उप मुख्यमंत्री का पुष्प, शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य कैंसर मरीजों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर एवं ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि नए कैंसर ब्लॉक में लीनियर एक्सीलरेटर और पीईटी-सीटी जैसी आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे प्रदेश के मरीजों को भोपाल में ही उन्नत उपचार मिल सकेगा।

श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिलने से गरीबों को बड़े अस्पतालों में उपचार का अवसर मिला है। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम के लिए प्राकृतिक खेती और रसायनमुक्त भोजन अपनाने पर भी जोर दिया।

# भोजशाला विवाद : हाईकोर्ट जज करेंगे स्थल निरीक्षण




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवादित स्थल का मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश स्वयं निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मामले की नियमित सुनवाई 2 अप्रैल से शुरू होगी।

सोमवार को मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में भोजशाला से संबंधित याचिकाओं पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने कहा कि अगली सुनवाई से पहले न्यायालय स्वयं भोजशाला परिसर का दौरा कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन करेगा। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट पर आपत्ति जताई। अदालत ने पक्षकार बनने के लिए दायर सभी आवेदनों को स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी पक्ष को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि उसे अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी कहा कि पहले याचिकाकर्ताओं को सुना जाएगा, उसके बाद अन्य पक्षकारों की दलीलें सुनी जाएंगी। अदालत में एएसआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन तथा राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह उपस्थित रहे। अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल हुए, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन भी अदालत में मौजूद रहीं। हिंदू फ्रंट की ओर से याचिकाकर्ता आशीष गोयल और अधिवक्ता विनय जोशी उपस्थित थे। गौरतलब है कि भोजशाला परिसर के धार्मिक स्वरूप को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हिंदू पक्ष इसे वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे कमाल मौला मस्जिद बताता है। हाईकोर्ट के निर्देश पर एएसआई ने आधुनिक तकनीक से परिसर का वैज्ञानिक सर्वे कर 2189 पृष्ठों की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार इंदौर खंडपीठ में ही सुनवाई जारी है।

# दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास पर मंथन आज

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास और दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा 17 मार्च को राजधानी में मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से किया जा रहा है। अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। यह कार्यशाला सीएआरए के दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2025-26 की थीम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के गैर-संस्थागत पुनर्वास को बढ़ावा देना' के अनुरूप आयोजित की जा रही है। दिव्यांग बच्चों को संस्थागत देखभाल के बजाय परिवार आधारित वातावरण, स्नेह और सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में ठोस पहल करना है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य शामिल हैं। जिलों की संख्या के आधार पर यह देश का सबसे बड़ा क्षेत्र माना जाता है। इसी कारण इस कार्यशाला में 170 से अधिक जिलों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। राज्य दत्तक संसाधन एजेंसियों, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, बाल देखभाल संस्थानों से जुड़े विभिन्न हितधारक भाग लेंगे।

**स्पेशल खबर** छह आरोपी अभी भी फरार...

# नकली इनकम टैक्स अफसर बन डकैती करने वाले 8 गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के धार जिले के बाग थाना क्षेत्र में नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर डकैती करने वाले गिरोह का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 6 आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

इंदौर ग्रामीण जोन के पुलिस महानिरीक्षक अनुराग ने सोमवार को धार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि 13 मार्च 2026 को फरियादी राजकुमार मालवीय निवासी बाग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि कुछ लोग खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताकर उनके घर में घुस आए और सोने के आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गए।

फरियादी की रिपोर्ट पर बाग थाने में धारा 310(2) और 127(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की।

पुलिस ने इस मामले में शहजाद पिता रोशन खान निवासी ग्राम बिरगोद थाना बेरछा जिला शाजापुर, नरसिंह पिता बलिया बघेल निवासी ओम साईं विहार कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र देवास, दिलीप पिता रामचंद्र अहिरवार निवासी ग्राम झोकर थाना मक्सी जिला शाजापुर, राजा उर्फ अब्दुल गफ्फार निवासी नागझरी सांवेर जिला देवास, दिनेश पिता रुकड़िया वास्केल निवासी भिलटपुरा थाना मनावर जिला धार, आबिद पिता मुबारक शाह निवासी नागेश्वर मंदिर बायपास रोड बाग जिला धार, अयूब शाह पिता निजामुद्दीन निवासी लेडीपुरा मनावर जिला धार और रमेश पिता गजरिया मोरी निवासी ग्राम भमोरी थाना बाग जिला धार को गिरफ्तार किया है।

वहीं मुख्य आरोपी संजय उर्फ संजीव उर्फ पंडित पिता चंद्रप्रकाश शर्मा निवासी औराई जालौन (उत्तर प्रदेश), इकबाल पिता इसाक खान निवासी मालीखेड़ी शाजापुर, अब्दुल निसार पिता अब्दुल सत्तार निवासी शाजापुर, तन्मय उर्फ साहिल पिता दिलीप ठाकुर निवासी ग्राम बेरछा जिला शाजापुर, मुरलीधर उर्फ आकाश निवासी शांति नगर नानाखेड़ा उज्जैन और रंजीत पिता ग्यारसिया निवासी ग्राम बेरछा जिला शाजापुर फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 करोड़ रुपये कीमत के सोने के आभूषण, एक स्कॉर्पियो वाहन, एक आर्टिगा वाहन और नकदी सहित कुल लगभग 1 करोड़ 35 लाख 57 हजार रुपये का माल बरामद किया है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com